विभाग का नाम : खाद्य, सम्भरण एवं उपभोक्ता कार्य कलाप विभाग आपूर्ति
विभाग का पता : के–ब्लॉक, विकास भवन, नई दिल्ली.

अतारांकित प्रश्न संख्या– 132
दिनांक : 30 जुलाई, 2021
प्रश्नकर्ता का नाम : श्री जितेन्द्र महाजन

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्र0सं0	प्रश्न	उत्तर
क)	दिल्ली में जिन गरीब लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है, ऐसे कितने लोगों को कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन मुहैया कराया गया तथा इस पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई;	कोरोना महामारी के दौरान 63,63,118 लोंगो को, जिनके पास राशन कार्ड नहीं था, उन्हे मुफ्त राशन उपलब्ध कराया गया और इस पर कुल 58,79,16,936 रूपए धनराशि खर्च की गई ।
ख)	दिल्ली में कितने गरीबों के लिए राशन किट खरीदी गई और इसके लिए कितनी राशि खर्च की गई, इन राशन किट की एक्सपायरी डेट क्या थी और क्या ये सभी राशन किट गरीबों में बांट दी गई; और	दिल्ली में कुल 26,41,225 गरीब परिवारों के लिए राशन किट खरीदी गई और इसके लिए कुल 104,32,83,875 रूपये खर्च किए गए । अवितरित किटों की संख्या 9155 है, इन किटों में शामिल सभी खाद्य वस्तुओं की एक्सपायरी डेट उनकी पैकिंग तिथि (अप्रैल 2020 के बाद) छह माह से लेकर दो वर्ष तक है ।
ग)	दिल्ली में ऐसे कितने लोग हैं जिन्होंने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया हुआ है, प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के अनुसार विवरण उपलब्ध कराएं?	दिल्ली में वर्तमान में राशन कार्ड के लिए 209874 आवेदन लम्बित हैं जिनकी मण्डलवार सूची "क" संलग्न है ।

Secretary-Cum-Commissioner
Deptt. of Food,Supplies & Consumer Affairs
Govt. of N.C.T. of Delhi
K- Block, Vikas Bhawan, I. P. Estate
New Delhi- 110002